| | |
|---|---|
| वंश डुबाना | वंश की मर्यादा नष्ट करना। कुल की प्रतिष्ठा खोना। |
| वकालत चमकना | वकालत के पेशे में आमदनी होना। |
| वकालत चलना | वकालत के पेशे में आमदनी होना। |
| वकालत जमना | वकालत के पेशे में आमदनी होना। |
| वकूअ में आना | प्रकट होना। घटित होना। |
| वकूफ पकड़ना | अक्ल सीखना। |
| वक्त आ जाना | नियतकाल, मौत की घड़ी आ जाना। |
| वक्त काटना | किसी प्रकार समय बिताना। जी बहलाना। |
| वक्त की चीज | किसी समय या ऋतु विशेष में मिलनेवाली चीज। किसी विशेष समय में गाया जानेवाला गीत या राग। |
| वक्त खोना | समय नष्ट करना। |
| वक्त गुज़ारना | समय नष्ट करना। दिन काटना। |
| वक्त तंग होना | काल का प्रतिकूल होना। |
| वक्त ताकना | मौका देखना। इस बात की प्रतीक्षा में रहना कि कब उपयुक्त अवसर मिले और कोई बात करूं। |
| वक्त देना | किसी से मिलने, बातचीत आदि के लिए समय नियत करना। |
| वक्त पड़ना | मुसीबत आना। कठिनाई में पड़ना। |
| वक्त पड़े पर | मुसीबत के समय। |
| वक्त पर | अवसर आने पर। कोई विशेष परिस्थिति होने पर। काम पड़ने पर। |
| वक्त बेवक्त काम आना | जरूरत के समय काम आना। |
| वक्त हाथ से देना | अवसर चूकना। मौका आने पर भी काम न करना। |
| वक्फ कर देना | ईश्वरार्पण कर देना। पुण्य कार्य में लगा देना। |

| | |
|---|---|
| वक़ खोना | मान,प्रतिष्ठा गंवाना। |
| वज्र पड़े | दैव से भारी दण्ड मिले।सत्यानाश हो। |
| वजूद फकड़ना | प्रकट होना।अस्तित्व में आना। |
| वजूद पाना | अस्तित्व में आना। |
| वजूद में आना | उत्पन्न होना।प्रकट होना।आनन्दातिरेक से झूमने लगना या आत्म विस्मृत हो जाना। |
| वजूद में लाना | उत्पन्न करना। |
| वनवास देना | |
| वनवास लेना | संसार त्याग करना। |
| वफ़ात पाना | मर जाना। |
| बवाल पड़ना | किसी को दुख पहुंचाने का फल मिलना।दुखिया की आह पड़ना। |
| वरक़ उलटना | पुस्तक को उलट-पलट कर देखना।पुस्तक पर सरसरी निगाह डालना।भारी परिवर्तन,क्रान्ति होना। |
| वरक़ स्याह करना | बहुत लिखना। |
| वर्षा होना | अत्यधिक परिमाण में ऊपर से गिरना।अत्यधिक संख्या में मिलना। |
| वश का | जिस पर जोर या अधिकार हो।इच्छा के अधीन। |
| वश चलना | कुछ करने की शक्ति होना।शक्ति या सामर्थ्य का अपना प्रभाव दिखलाना। |
| वश में होना | अधिकार,आज्ञा में होना। |
| वसमा करना | बालों में खिजाब लगाना। |
| 5629 वसीला पैदा करना | किसी कार्य की सिद्धि का मार्ग निकालना।सहारा पैदा करना।आमदनी आदि का रास्ता निकालना। |
| वसीला रखना | सम्बन्ध रखना।आसरा रखना। |

| | |
|---|---|
| वसूल पाना | दूसरे से जो पाना हो, वह मिल जाना। |
| वह मारा | बस अब कार्य सिद्ध हो गया। जो चाहते थे हो गया। |
| वहशत उछलना | सनक होना। वहम होना। धुन होना। |
| वहशत बरसना | उदासी छाना। करुणा या दुःख का भाव प्रकट होना। रौनक न रहना। |
| वाक़े होना | घटित होना। |
| वाजिबी खर्च | आवश्यक व्यय। |
| वाजिबी बात | ठीक बात। सच्ची बात। |
| वाट परना | हानि होना। उ०-वाट परौ मोरी नाव उड़ाई। |
| वाणी फुरना | मुंह से बात निकलना। |
| वादा टालना | प्रतिज्ञा भंग करना। |
| वादा पूरा करना | वचन के अनुसार काम करना। प्रतिज्ञा पूर्ण करना। |
| वादा रखाना | वचन लेना। प्रतिज्ञा कराना। उ०- सौंह करि कहत हौ, रहो प्यो रघुनाथ। आवति रखाए वादो उनहीं के घर सौं। रघुनाथ। |
| वादाखिलाफी करना | बात पूरी न करना। कथन के विरुद्ध कार्य करना। |
| वापस आना | किसी स्थान पर जाकर वहां से फिर आ जाना। लौट आना। |
| वापस करना | लौटाना। मोल ली हुई वस्तु को लौटाकर फिर से दाम ले लेना। किसी से ली हुई वस्तु को उसे फिर दे देना। |
| वापस जाना | लौट आना। |
| वापस होना | लौट जाना। फेरा जाना। दी हुई वस्तु का फिर मिल जाना। ली हुई वस्तु का फिर दे दिया जाना। |
| वार खाली जाना | प्रहार का ठीक स्थान पर न पड़ना। आक्रमण व्यर्थ जाना। युक्ति सफल न होना। चली हुई चाल या उपाय का कुछ परिणाम न होना। |

| | |
|---|---|
| वार पार करना | पूरा विस्तार ते करना। इस ओर से उस ओर तक धंसाना। पूरी मोटाई छेदकर दूसरी ओर निकालना। |
| वार पार होना | पूरा विस्तार ते होना। |
| वार मिलना | फुरसत मिलना। |
| वारने जाना | निछावर होना। बलि जाना। उ०- बाल विभूषन, बसन मनोहर अंगनि बिरचि बनैहौ। सोभा निरखि निछावरि करि उर लाइ वारने जैहौं। तुलसी । |
| वारा जाना | निछावर होना। |
| वारा पड़ना | बचत होना। |
| वारा बैठना | बचत होना। |
| वारा होना | निछावर होना। कुरबान होना। उ०- हौं वारी तेरे इंदुवदन पर अति छबि अलसानि रासी। सूर । |
| वारियां जाऊं | तुम पर निछावर हूं। |
| वास्ता देना | बीच में डालना। दुहाई देना। |
| वास्ता पड़ना | व्यवहार का अवसर आना। काम पड़ना। सरोकार होना। |
| वास्ता पैदा करना | ढब लगाना। सम्बन्ध जोड़ना। |
| वास्ता रखना | लगाव रखना। सम्बन्ध रखना। |
| वाहवाही लूटना | लोगों की प्रशंसा का पात्र बनना। |
| वाहवाही लेना | लोगों की प्रशंसा का पात्र बनना। |
| विधना के अक्षर | कर्मरेख। भाग्य। लिखन। |
| विधि बैठना | परस्पर अनुकूलता होना। मेल बैठना। मेल खाना। व्यवहार निभना। सब बातों का ठीक होना। इच्छानुकूल व्यवस्था होना। |
| विपत्ति उठाना | संकट या कष्ट सहना। |

| | |
|---|---|
| विपत्ति काटना | संकट या कष्ट के दिन बिताना। |
| विपत्ति फ़ेलना | कष्ट या संकट सहना। |
| विपत्ति पर डालना | (किसी को)शोक या दु:ख पहुंचाना। |
| विपत्ति ढहना | सहसा कोई दु:ख या शोक उपस्थित होना।एक बारगी आफत आना। |
| विपत्ति भुगतना | शोक,दु:ख या संकट सहना। |
| विपत्ति भोगना | शोक,दु:ख या संकट सहना। |
| विपत्ति मे डालना | संकट या दु:ख की अवस्था मे करना।किसी को दु:ख देना। |
| विपत्ति मे पड़ना | शोक,दु:ख या संकट की दशा को प्राप्त होना।संकटग्रस्त होना। |
| विपत्ति मोल लेना | जान-बूफकर संकट मे पड़ना। |
| विपत्ति सिर पर लेना | व्यर्थ फंफट मे पड़ना। |
| विश्वास जमाना | विश्वास उत्पन्न करना। |
| विश्वास दिलाना | विश्वास उत्पन्न करना। |
| बुज़ ढीला होना | हिम्मत हार देना।संकल्प शिथिल हो जाना। |
| बुज़ शिकस्त होना | हिम्मत हार देना।संकल्प शिथिल हो जाना। |
| वैर चुकाना | बदला लेने के लिए शत्रु को हानि पुहुंचाना।बदला लेना। |
| वैर निकालना | बदला लेने के लिए शत्रु को हानि पहुंचाना।बदला लेना। |
| वैर बांधना | शत्रुता उत्पन्न करना।दुश्मनी खड़ी करना। |
| वैर साधना | वैर चुकाना। |
| (किसी का)वेश धारण करना | किसी की पोशाक आदि की नकल करना। |
| वैसे तो | प्रस्तुत को छोड़कर किसी और या दूसरी दशा मे। |

| | |
|---|---|
| व्यवस्था देना | किसी विषय में शास्त्रों का विधान बतलाना। |
| वादकार प्रस्तुत करना | ऐसा कार्य करना जिससे किसी के विरुद्ध कोई कार्यवाही विशेषत: विधिक कार्यवाही हो सके। |